**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**15.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां स्थापना दिवस–शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भाजपा के संकल्प पत्र को सराहा, कहा–वर्ष 2047 के विकसित भारत की तस्वीर दिखाता है संकल्प पत्र।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का आरोप–भाजपा ने पूरे नहीं किए अपने चुनावी वायदे।

और

- मतदाता सूचिओं में नाम दर्ज करवाने के लिए चार मई तक आवेदन कर सकते हैं नए मतदाता।

**हिमाचल दिवस**

प्रदेश ने आज अपना 77वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जहां राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने समारोह की अध्यक्षता की और राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी, लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, सांसद प्रतिभा सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि पिछले 76 वर्षों में प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास किया है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1948 में 30 रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था। राज्यपाल ने लोगों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आहवान किया ताकि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाया जा सके। शिवप्रताप शुक्ल ने आगामी चुनावों में मतदाताओं से बढ़चढ़कर मतदान करने की अपील भी की। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें कांगड़ा, हमीरपुर, मण्डी, सिरमौर और अन्य जिलों से आय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में वर्ष 2047 तक विकसित भारत की तस्वीर झलकती है। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र तैयार करने के लिए 15 लाख से अधिक लोगों के सुझाव लिए गए हैं और इसमें एक देश एक चुनाव की बात भी की गई है जिससे चुनावों पर होने वाले भारी भरकम खर्च में कमी लाई जा सकेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने पेपर लीक जैसे मामलों में कठोर नीति बनाने की बात भी संकल्प पत्र में कही है और सौर ऊर्जा का दोहन करके हर घर को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने का जिक्र भी किया गया है।

कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी राजीव भारद्वाज और धर्मशाला विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा भी इस मौके मौजूद रहे।

## प्रतिभा सिंह

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा के संकल्प पत्र को चुनावी स्टंट करार देते हुए कहा कि पिछले चुनावों में भाजपा ने लोगों से जो वायदे किए थे वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी व मंहगाई को कम करने की दिशा में भाजपा ने कोई काम नहीं किया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी और शिमला लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने जिताउ प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं जबकि हमीरपुर व कांगड़ा लोकसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी से कांग्रेस ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व शिमला आरक्षित लोकसभा सीट पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी को अपना प्रत्याशी बनाया है और इन्हें सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर टिकट दिया गया है।

## राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी पार्टी के संकल्प पत्र को नए भारत का संकल्प पत्र बताया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है और इसके माध्यम से देश के विकास का रोड मैप जनता के सामने रखा गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों और हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाओं का प्रावधान है। राजीव बिंदल ने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## जगत सिंह नेगी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी और विधायक केवल सिंह पठानिया ने भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया है। इन दोनों नेताओं ने कहा है कि भाजपा ने चुनाव आयोग के जरिए महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत 15 सौ रूपए देने पर रोक लगवाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला हितैषी होने का दावा करती है लेकिन इस कदम से भाजपा ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने पहली अप्रैल से ये योजना लागू करने संबंधी अधिसूचना जारी की है।

## कंगना रनौत

मण्डी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज धर्मशाला में बौध धर्म गुरू दलाई लामा से भेंट की। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी उनके साथ थे। बाद में कंगना रनौत ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुआ है और दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है।

## मतदाता पहचान पत्र

इस वर्ष पहली अप्रैल तक 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवा मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज करवाने के लिए 4 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत प्रदेश भर में इन दिनों निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि छूटे हुए युवा मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज करवा सकें। सोलन जिले में अभी तक 18 से 19 वर्ष की आयु के 9 हजार दो सौ 30 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि वोटर हैल्पलाईन एप्प के माध्यम से भी युवा मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं।

**पोस्टल बैलेट**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। शिमला के जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने आज शिमला में एक बैठक में बताया कि इनमें स्वास्थ्य, परिवहन, जलशक्ति, जेल और अग्निशमन विभाग से जुड़े कर्मचारियों के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया कर्मी शामिल हैं। अनुपम कश्यप ने नोडल अधिकारियों को आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की सूची संबंधित चुनाव अधिकारी को जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए।

**अग्निकांड**

ऊना जिले के मैहतपुर औद्योगिक क्षेत्र में बीती रात एक कबाड़ उद्योग में भीषण अग्निकांड से दो मंजिला ईमारत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें दो करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान आंका गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि इस अग्निकांड में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है और आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**पांगी घाटी**

चंबा जिला मुख्यालय को पांगी घाटी से जोड़ने वाले साच दर्रे को लोकसभा चुनाव से पहले वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि प्रशासन ने साच दर्रे और पांगी घाटी के अन्य स्थानों पर बर्फ हटाने के लिए भारी मशीनरी तैनात की है और एक जून को होने वाले मतदान से पहले सभी मार्गों को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा ताकि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संसारी नाला पोस्ट कार्यशील है।

**अग्निवीर परीक्षा**

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाईन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए उम्मीदवारों को ऑनलाईन एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्पिंदर कौर ने बताया कि युवा भारतीय सेना की वैवसाईट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**मौसम**

राज्य के अनेक भागों में पिछले दो दिनों से अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि अन्य भागों में अंधड़ के साथ हल्की वर्षा का दौर जारी है। लाहौल स्पिति जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज भी हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज वर्षा हुई है। लाहौल स्पिति व किन्नौर सहित कई अन्य क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है। लाहौल स्पिति जिले में खराब मौसम व बर्फबारी से मटर बिजाई के कार्य में विलम्ब हो रहा है और अधिक नमी से किसानों को बीज सडन की चिंता सता रही है। बर्फबारी के कारण मनाली–लेह सड़क सहित ग्राम्फु–काजा–समदो मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। सीमा सड़क संगठन ने मनाली–बारालाचा–सरचू सड़क को आज तक खोलने का लक्ष्य रखा था लेकिन बर्फबारी के कारण यह लक्ष्य फिलहाल पूरा नहीं हुआ। मौसम विभाग ने आज भी कई क्षेत्रों में वर्षा, अंधड़ और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि 18 से 20 अप्रैल तक राज्य में फिर से बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**नवरात्र**

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन आज माँ के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। सदैव शुभ फल देने वाली देवी के इस रूप को शुभांकरी भी कहा जाता है। माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली है। जिससे साधक भय मुक्त हो जाता है। इस मौके पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित माँ के अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और भक्तों ने मां के समक्ष अपना शीश नवाया। प्रशासन द्वारा शक्तिपीठों और अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाई जा रही हैं।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां स्थापना दिवस–शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भाजपा के संकल्प पत्र को सराहा, कहा–वर्ष 2047 के विकसित भारत की तस्वीर दिखाता है संकल्प पत्र।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का आरोप–भाजपा ने पूरे नहीं किए अपने चुनावी वायदे।

  और
- मतदाता सूचिओं में नाम दर्ज करवाने के लिए चार मई तक आवेदन कर सकते हैं नए मतदाता।

.
———————————————————————————————————————————————————————————